1017
16/2/13

खण्ड-2

बिहार विधान मंडल पुस्तकालय
शोध/संदर्भ ग्रंथ

संख्या-17

# एकादश बिहार विधान-सभा वादवृत्त

(भाग-1 कार्यवाही प्रश्नोत्तर)

सत्यमेव जयते

दिनांक : 21 जून, 1995 ई०

नई दिल्ली को विभाग द्वारा अनुरोध किया गया है तथा इस कार्य को यथाशीघ्र प्रारंभ करने हेतु विभाग द्वारा आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## श्री गुप्ता पर कार्रवाई

*1425. **श्री हरिनन्दन यादव :** क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि–

1. क्या यह बात सही है कि वित्तीय वर्ष 94–95 में पथ प्रमण्डल मधुबनी को 85 लाख रुपये का आवंटन उपलब्ध कराया गया था;

2. क्या यह बात सही है कि कार्यपालक अभियन्ता श्री एम० पी० गुप्ता पथ प्रमण्डल मधुबनी में खण्ड–1 में आवंटित राशि को अनियमित ढंग से दस वर्ष एवं पाँच वर्षों से लम्बित संवेदकों के विपत्रों का विभागीय सामग्रियों का समायोजन किये बिना ही भुगतान फरवरी 95 में कर दिया है यद्यपि इसका विभागीय सामग्रियों यथा अलकतरा, सीमेंट, लोहा इत्यादि की राशि का बिना समायोजन किये की गई;

3. यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार इसकी जाँच कराकर दोषी कार्यपालक अभियन्ता के विरूद्ध कार्रवाई करना चाहती है, यदि हाँ तो कबतक नहीं तो क्यों?

**प्रभारी मंत्री :** 1. वस्तुस्थिति यह है कि वर्ष 1994–95 में मधुबनी पथ प्रमण्डल को गैरयोजना मद में 80,23,600/– रुपये आवंटित किया गया था।

2. वस्तुस्थिति यह है कि फरवरी 95 में दायित्वों पर 1,34,808/– रुपये खर्च किये गये हैं जो आवंटन का 1.68% है एवं अनुमान्य है। सामग्रियों का समायोजन किया जा रहा है।

3. **खण्ड** 2 के उत्तर के आलोक में प्रश्न नहीं उठता है।